# दिल्ली विकास प्राधिकरण

सीरी फोर्ट खेल परिसर

## प्रेस पुनः निविदा सूचना

सीरी फोर्ट खेल परिसर में अनाधिकार प्रवेश को रोकने, देखरेख एवं सुरक्षा निगरानी सेवा के लिए एक एजेंसी/ फर्म की नियुक्ति के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (खेल विंग) मोहरबन्द निविदाएं पुनः आमंत्रित करता है। निविदा दो भागों अर्थात "भाग–I में तकनीकी बोली और भाग–II में वित्तीय बोली होगी। दोनों बोलियां दो अलग–अलग लिफाफों में प्रस्तुत की जाएंगी जिन पर साफ अक्षरों में (भाग–I तकनीकी बोली) और (भाग–II वित्तीय बोली) लिख दें। पिछले पांच वर्षों के दौरान सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में तीन समतुल्य कार्य कर चुकी एजेंसियां/फर्में/ व्यक्ति ही आवेदन करने के पात्र हैं, निविदा दाता भविष्य निधि आयुक्त, ई.एस.आई. तथा सेवा कर विभाग आदि में पंजीकृत होने चाहिए और वे इसका प्रमाण तकनीकी बोली के साथ संलग्न करें। कार्य निम्नानुसार हैः–

**क्र.सं. 1 : कार्य का नामः** सीरी फोर्ट खेल परिसर का रखरखाव। **उपशीर्षः** सीरी फोर्ट खेल परिसर में अनाधिकार प्रवेश को रोकने, देखरेख एवं सुरक्षा निगरानी सेवा के लिए एक सप्ताह में 6 दिनों (सोमवार तथा राष्ट्रीय अवकाश को छोड़कर) के लिए टी. एवं पी पार्टिकल के बिना 9 सुरक्षा गार्ड देने के लिए फर्म/ एजेंसी की नियुक्ति। **अवधिः** एक वर्ष

विस्तृत शर्तों वाले निविदा प्रलेख निविदा प्रलेख लागत के संबंध में रु. 500/– (अप्रतिदेय) और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित किसी अनुसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/ काल डिपोजिट रसीद के रूप में रु. 10000/– की बयाना राशि जो सीरी फोर्ट खेल परिसर के पक्ष में देय हो, का भुगतान करके 18.08.2008 तक सभी कार्य– दिवसों को पूर्वाहन 11:00 बजे से मध्याहन 3:00 बजे तक रोकड़िया सीरी फोर्ट खेल परिसर से प्राप्त कर सकते हैं। हर तरह पूर्ण भरे हुए निविदा प्रलेख सीरी फोर्ट खेल परिसर कार्यालय, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली को 21.08.2008 के मध्याहन 3:00 बजे तक प्रस्तुत कर दें। तकनीकी बोली के साथ अनुभव एवं वित्तीय स्थिति आदि के समर्थन में प्रलेखों की साक्ष्यांकित प्रतियां संलग्न होनी चाहिए। तकनीकी बोली वाली 'भाग–I' निविदा उसी दिन मध्याहन 3:30 बजे उन निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी जो वहाँ उपस्थित होना चाहें। केवल तकनीकी रूप से योग्य पाए गए निविदादाताओं की वित्तीय बोली ही बाद में अधिसूचित की जाने वाली तारीख को खोली जाएंगी, जिसकी सूचना योग्य निविदादाताओं को कोरियर के माध्यम से डाक द्वारा और टेलीफोन पर दे दी जाएगी। निविदाएं केवल व्यक्तिगत रूप से आकर ही जमा कराएं। यदि कोई निविदा डाक से या कोरियर आदि के माध्यम से प्राप्त होगी तो उसे रद्द कर दिया जाएगा और यहां तक कि उसकी जांच भी नहीं की जाएगी। इस के अतिरिक्त जिस निविदा के साथ निर्धारित रूप में बयाना राशि संलग्न नहीं होगी उसे भी रद्द कर दिया जाएगा।

**हस्ता/–**

**निदेशक (खेल)**

**कृपया डी.डी.ए. की वेबसाइट www.dda.org.in देखें**